पत्रकार वार्ता करती भोजनमाता संगठन की पदाधिकारी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भोजनमाताएं 9 को करेंगी सचिवालय कूच

**संवाददाता** देहरादून। पूरे उत्तराखण्ड में 27 हजार भोजनमाताएं विभिन्न प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में वर्ष 2002–03 से भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। भोजन माताओं से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बराबर काम करवाया जाता है इसके एवज में उन्हें मानदेय के नाम पर मात्र दो हजार रूपये मिलते है जो कि उत्तराखण्ड में तय न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात आज प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की अध्यक्ष हंसी देवी ने कही।

### भाजपा सरकार ने दिया नये साल में जनता को महंगाई का तोहफा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा रसोई गैस, चिकित्सा सेवाओं में उपचार, रेल भाडे में की गई वृद्धि को भाजपा सरकार का जनता के लिए नये साल का तोहफा बताया है। उन्होंने कहा कि नये साल में भाजपा सरकार ने जनता को मंहगाई का एक और तोहफा दिया है। भाजपा सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर व चिकित्सा उपचार के साथ–साथ रेल भाडा बढ़ाने के विरोध में आज भाजपा सरकार का पुतला दहन किया जायेगा।

### पदोन्नति कर्मचारियों को भी सीधी भर्ती वालों के समान वेतनमान लाभ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड शासन के वित्त विभाग ने शासनादेश सं0 362 दिनांक 25 अक्टूबर 20119 से स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी राजकीय कार्मिकों/शिक्षकों पर शासनादेश सं0 239 दिनांक 31 जुलाई 2019 के स्पष्टीकरण के अनुसार पदोन्नत कर्मचारियों का शुरूआती वेतन निर्धारण होगा और सीधी भर्ती के कर्मचारियों को समान ही उनको वेतनमान लाभ मिलेगा। सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन को वित्त विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से यह प्रकाश में आया है।

### मृत्यु का भय दूर कर मोक्ष का मार्ग दिखाती है श्रीमद्भागवत

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जनसेवा समिति द्वारा देहरादून नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में कथा व्यास आचार्य पंडित ललित सारस्वत ने मृत्यु का भय समाप्त कर मोक्ष के मार्ग की कथा का वर्णन किया। अभिमन्यु पुत्र राजा परीक्षित जिसकी रक्षा कृष्ण ने अश्वस्थामा के ब्रह्म अस्त्र से मां के गर्भ में ही की थी उनको भी मृत्यु के भय परिक्षित 33 वर्ष के थे।

## आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों अलर्ट रहने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मौसम विभाग की ओर तीन जनवरी तक गढ़वाल क्षेत्र में ओलावृष्टि, बारिश व बर्फबारी की चेतावनी पर आपदा प्रबंधन तंत्र से जुड़े सभी अधिकारियों को तैनाती स्थल पर बने रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को 24 घंटे अपने मोबाइल फोन ऑन रखने को कहा गया है। कुमाऊं की बात करें तो यहां भीमताल में बादल छाए हुए हैं। डीडीहाट में देर रात से बारिश हुई जोकि दो जनवरी तक जारी रही। यहां घनधूरा के जंगलों में भारी बर्फबारी हुई है। तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। भवाली में भी बादल छाए रहने ठंड बढ़ी है। पहाड़पानी में हल्की बूंदाबांदी हुई है। अल्मोड़ा और द्वाराहाट में भी बादल छाए हुए हैं। जसपुर में बादल छाए हैं। यहां कड़ाके की ठंड जारी है। चौखुटिया और रानीखेत में बादल छाए हैं। रुद्रपुर में हल्की धूप खिली रही। चंपावत जिले के पहाड़ी हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई है। यहां भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी देहरादून में बादल छाए रहे। वहीं मसूरी में बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में बुधवार देर रात इस साल की पहली बर्फबारी हुई। जिससे यहां भी तापमान में खासी गिरावट आई है। यमुनोत्रीधाम सहित यमुना घाटी में आसमान पर बादल छाए हुए हैं।

# उत्तराखण्ड को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार

**सम्मान**

■प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं कृषि मंत्री सुबोध उनियाल को यह पुरस्कार प्रदान किया

**संवाददाता**

देहरादून। भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड को वर्ष 2017–18 में खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी–2 के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरूवार को तुमकुर, कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं कृषि मंत्री सुबोध उनियाल को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राज्य के दो प्रगतिशील किसानों, कपकोट की श्रीमती कौशल्या व भटवाड़ी के जगमोहन राणा को भी सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने खाद्यान्न उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उत्तराखण्ड को कृषि कर्मण पुरस्कार के लिए चयनित किये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2022 तक कृषकों की आय दोगुना करने का संकल्प दिया है। उत्तराखण्ड प्रधानमंत्री द्वारा दिये गये संकल्प को पूर्ण करने के लिये पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत है।




प्रधानमंत्री से कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त करते सीएम त्रिवेंद्र व कृषि मंत्री सुबोध उनियाल।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड एक नवोदित राज्य है, जिसके कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 53.48 लाख हेक्टेयर में कृषि का क्षेत्रफल मात्र 11.21 प्रतिशत है, इसका 56 प्रतिशत भाग पर्वतीय कृषि के अन्तर्गत आता है, जिसमें 89 प्रतिशत कृषि असिंचित एवं वर्षा आधारित है। प्रदेश में 92 प्रतिशत लघु एवं सीमान्त जोत के कृषक हैं।

भारत सरकार के मार्ग–निर्देशन तथा प्रदेश के कृषकों एवं कृषि विभाग के प्रयास से उत्पादन में वृद्धि के फलस्वरूप प्रदेश अनाज उत्पादन में अपनी आवश्यकता की पूर्ति करते हुए आत्मनिर्भर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के पात्र लाभार्थियों की संख्या 8.38 लाख है, जिनमें से 6.84 लाख कृषक लाभान्वित किए जा चुके हैं, 6.72 लाख कृषकों को प्रथम किस्त, 6.56 लाख कृषकों को द्वितीय, 6.00 लाख कृषकों को तृतीय एवं 4.34 लाख कृषकों को चतुर्थ किस्त का भुगतान किया गया है, शेष कृषकों को भी योजना से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री मानधन योजना में पात्र कृषकों का चयन कर उनके पंजीकरण की कार्यवाही गतिमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में कुल 27 मण्डियां संचालित हैं, जिनमें से वर्तमान तक 16 मण्डियां ई–नाम योजना से जुड़ी है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य कृषि उत्पादों के विपणन की समुचित व्यवस्था के लिए प्रत्येक न्याय–पंचायत पर कलैक्शन सेन्टर स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ किया गया है।

# श्रमिकों को ऑनलाइन भुगतान करें श्रम विभाग

**आरोप**

■ गरीब श्रमिकों को लूटने का काम कर रहा श्रम विभागः मोर्चा

विकासनगर। **संवाददाता**

जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि श्रम विभाग के भवन निर्माण एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश के गरीब मजदूरों को लूटने का काम किया जा रहा है।

विभाग द्वारा गरीबों को घटिया किस्म की साइकिलें, सोलर लालटेन, छाते, औजार इत्यादि बांटे जा रहे हैं तथा विक्रेता कंपनियों से मोटी कमीशन बटोर कर इन गरीबों से मजाक किया जा रहा है।



पत्रकार वार्ता करते रघुनाथ सिंह नेगी।

मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि सामान की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि श्रमिक उक्त सामान को कौड़ियों के भाव नीलाम कर रहे हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कई करोड रुपए का सामान खरीदा जाता है, जिसमें लगभग 20 से 40 फीसदी कमीशन लेकर विभाग मौज कर रहा हैं। नेगी ने कहा कि अगर सरकार श्रम विभाग गरीबों को कुछ देना ही चाहता है तो सामान के बदले सीधा इनके खाते में ऑनलाइन पेमेंट करें, जिससे दलाली का खेल खत्म हो सकें। मोर्चा शीघ्र ही उक्त दलाली की समाप्ति एवं श्रमिकों के खाते में ऑनलाइन पेमेंट को लेकर शासन में दस्तक देगा। पत्रकार वार्ता में मोहम्मद असद, के.सी. चंदेल, प्रवीण शर्मा पिन्नी आदि उपस्थित रहे।

## कार शोरूम में लगी भीषण आग, अफरा तफरी मची

**संवाददाता** देहरादून। पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र के जीएमएस रोड स्थित मारूति शोरूम में आज सुबह आग लगने से अफरा तफरी का माहौल रहा। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर सर्विस कर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शाट सर्किट बताया जा रहा है जिससे लाखों का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएमएस रोड स्थित मारूति शोरूम में आज सुबह लगभग 10 बजे अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी फैल गयी। शोरूम से धुंआ निकलता देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। बताया जा रहा है कि आग कुछ ही मिनटों में बेकाबू हो गयी और शोरूम से कर्मचारी भागने लगे। मामले की जानकारी पुलिस व फायर सर्विस को मिली तो उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।